# एशिया महाद्वीप-03

1. **निम्नलिखित में से कौन-सा बांग्लादेश का समुद्री पत्तन है?**
(a) ढाका
(b) चांदपुर
(c) बारीसाल
(d) चट्टगाँव

2. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) पाक जलसंधि एवं मन्नार की खाड़ी श्रीलंका को भारत से अलग करती है।
(b) महावेली गंगा श्रीलंका की सबसे लंबी नदी है।
(c) कोलंबो एक समुद्रीय पत्तन है, जो श्रीलंका के पूर्वी तट पर स्थित है।
(d) श्रीलंका का कैंडी नगर बौद्ध मंदिरो के लिए प्रसिद्ध है।

3. **निम्नलिखित में से श्रीलंका के कौन-से खनिज उत्पाद तटीय बालू से प्राप्त होते है?**
**1.मोनाज़ाइट 2.जिरकॉन**
**3.ग्रेफाइट 4. बहुमूल्य पत्थर (रत्न)**
**कूट:-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

4. **श्रीलंका की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1. यहाँ उष्ण एवं आर्द्र जलवायु पाई जाती है।**
**2. यहाँ वर्षा केवल दक्षिण-पश्चिम मानसून से होती है।**
**कूट:-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

5. **कालीमंतान द्वीप एशिया महाद्वीप के किस भाग में स्थित है?**
(a) दक्षिण-पूर्व एशिया
(b) दक्षिण-पश्चिम एशिया
(c) मध्य एशिया
(d) दक्षिण एशिया

6. **विषुवत् रेखा एशिया महाद्वीप के किन देशों से होकर गुजरती है?**
**1.इंडोनिशया 2.मालदीव**
**3.मलेशिया 4.फिलीपींस**
**कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) केवल 2, 3 और 4

7. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1. इंडोनेशिया की स्थल सीमा अन्य किसी देश के साथ स्पर्श नहीं करती है।**
**2. इंडोनेशिया के अधिकांश पर्वत शिखर ज्वालामुखी शंकु प्रकार के हैं।**
**कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चयन कीजिए-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

8. **निम्नलिखित में से कौन-सी जलसंधि मलेशिया एवं इंडोनेशिया को पृथक् करती है?**
(a) सुंडा जलसंधि
(b) मलक्का जलसंधि
(c) बास जलसंधि
(d) सुंगारू जलसंधि

9. **'ग्रेट किनाबलू' पर्वत शिखर निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?**
(a) इंडोनेशिया
(b) मलेशिया
(c) म्यांमार
(d) नेपाल

10. **मलेशिया की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इसकी जलवायु विषुवतीय है।**
**2. यहाँ पर वर्षभर समान रूप में ऊँचा तापमान एवं अधिक वर्षा पाई जाती है। औसत दैनिक तापमान 21°C और 32°C के बीच रहता है।**
**3. यहाँ सदाहरित वन पाए जाते है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**11. निम्नलिखित में से कौन-से समुद्री पत्तन मलेशिया में स्थित है?**
**1.पेनांग 2.कुचिंग**
**3. मोरी**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?**

| | | |
|---|---|---|
| **1. यूरेनियम** | **-** | **मलाया प्रायद्वीप** |
| **2. ताँबे की खानें** | **-** | **सारावाक** |
| **3. कोयला खनन** | **-** | **साबाह** |

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. क्षेत्रफल की दृष्टि से चीन विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है।**
**2. चीन की सीमा उत्तर कोरिया एवं दक्षिण कोरिया दोनों को स्पर्श करती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनें
(d) न तो 1 और न ही 2

**14. 'तकला मकान' मरुस्थल निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?**
(a) मंगोलिया
(b) चीन
(c) कज़ाकिस्तान
(d) उज़्बेकिस्तान

**15. निम्नलिखित में से किन नदियों का उद्गम तिब्बत के पठार से हुआ है?**
**1.सालवीन 2.मेकॉन्ग**
**3.सांगपो 4.सतलुज**
**दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. चीन में वर्षा मुख्यत: ग्रीष्म ऋतु में दक्षिण-पूर्वी मानसून से होती है।**
**2.चीन में वर्षा की मात्रा पूर्व से पश्चिम की ओर घटती जाती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.चीन के ऊर्जा उत्पादन में कोयले का सबसे बड़ा योगदान होता है।**
**2. शंघाई चीन का सबसे बड़ा पत्तन है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. जापान एशिया की मुख्य भूमि के पूर्व में प्रशांत महासागर में स्थित है।**
**2.फ्यूजीयामा जापान में स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**


उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**1. टायफून जापान का उष्ण कटिबंधीय तूफान है, जो इसके दक्षिणी तट को प्रभावित करता है।**
**2. उत्तर से चलने वाली ठंडी जलधारा एव दक्षिण से चलने वाली गर्म जलधारा जापान के पूर्वी तट पर मिलती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. जापान में उच्च कोटि का कोयला मिलता है।**
**2.जापान में लौह अयस्क प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**21. एशिया के निम्नलिखित देशों में से कौन-सा एक भूमि परिबद्ध है?**
(a) वियतनाम
(b) कम्बोडिया
(c) लाओस
(d) थाईलैंड

**22. निम्नलिखित में से कौन-से एक क्षेत्र में किर्गिस्तान और उज़्बेकिस्तान देश स्थित हैं?**
(a) मध्य एशिया
(b) मध्य पूर्व
(c) उत्तरी अफ्रीका
(d) दक्षिणी एशिया

**23. दक्षिण-पूर्व एशिया में दक्षिण से उत्तर की ओर जाने पर नीचे दिए गए नगरों का सही स्थिति क्रम क्या है?**
**1. बैंकॉक 2. हनोई**
**3.जकार्ता 4.सिंगापुर**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
(a) 4-2-1-3
(b) 3-2-4-1
(c) 3-4-1-2
(d) 4-3-2-1

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. एशिया महाद्वीप के दक्षिण, दक्षिण-पूर्व एवं पूर्वी भागों में मानसूनी वन पाए जाते हैं।**
**2.सागौन, साल एवं चंदन मानसूनी वन के वृक्ष हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**25. एशिया के खनिज संसाधनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. अभ्रक और बॉक्साइट मुख्यत: भारत में पाए जाते है।**
**2.टिन मुख्यत: मलेशिया में पाया जाता है।**
**3. मध्य, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण एशिया के देशों में खनिज तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) पाक जलसंधि एवं मन्नार की खाड़ी श्रीलंका को भारत से अलग करती है।
(b) महावेली गंगा श्रीलंका की सबसे लंबी नदी है।
(c) कोलंबो एक समुद्रीय पत्तन है, जो श्रीलंका के पूर्वी तट पर स्थित है।
(d) श्रीलंका का कैंडी नगर बौद्ध मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।


उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213